तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर

अपील संख्या– 03/2013 अवमानना प्रार्थना पत्र

(GCMS No. 2013/00068)

अनवान:

1. जुगलनारायण पुत्र श्री दुर्गाराम जाति सोनी निवासी ईदगाह बारी के अन्दर, बीकानेर।
2. श्रीनारायण पुत्र श्री दुर्गाराम जाति सोनी निवासी ईदगाह बारी के अन्दर, बीकानेर।

बनाम

1. रामेश्वरलाल पुत्र श्री ब्रह्मदेव जाति अग्रवाल निवासी ग्राम बच्छासर हाल कोटगेट के अन्दर, बीकानेर।
2. रामलाल कुकणा पटवारी हल्का ग्राम बच्छासर तहसील व जिला बीकानेर।

14.5.2025

पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषक अपीलांट अनुपस्थित। अभिभाषक अपीलांट एवं अपीलांट को बार–बार आवाज लगाई गई, बार–बार आवाज लगाए जाने के बावजूद न तो अभिभाषक अपीलांट उपस्थित हुए एवं न ही अपीलांट स्वयं उपस्थित हुए। अपीलान्ट द्वारा जरिये अभिभाषक न्याय की वांछा लेकर इस न्यायालय में यह अपील प्रस्तुत की गयी, लेकिन अभिभाषक अपीलांट को लगातार पाबन्द करने के बावजूद भी आदिनांक उपस्थित नही हुए। न्याय चाहने की तत्परता व कोशिश का अभाव अपील चलाने में अरुचि जाहिर करती है। अतः उक्त अपील अपीलान्ट राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 63(1) के तहत अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज की जाती है। आदेश की प्रति अपील पत्रावली में शामिल होकर पत्रावली सुव्यवस्थित रखी जावे। आदेश सुनाया गया।

(डॉ. रवि कुमार सुरपुर)
संभागीय आयुक्त,
बीकानेर